DOIT.C
Department of Information Technology
& Communication, Rajasthan

# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–10/03379/2023 जयपुर, दिनांकः 07/07/2023

## कार्यालय आदेश

विभागीय समसंख्यक आदेश क्रमांक 00399 दिनांक 14.01.2023 के द्वारा श्री करनी सिंह चौहान, प्रोग्रामर का स्थानांतरण/पदस्थापन कार्यालय–पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, हनुमानगढ़ से सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, पंचायत समिति–संगरिया, हनुमानगढ़ में रिक्त पद पर किया गया था।

माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर द्वारा अपील संख्या 13/2023 में पारित आदेश दिनांक 17.01.2023 के द्वारा श्री करनी सिंह चौहान, प्रोग्रामर के स्थानांतरण आदेश दिनांक 14.01.2023 का क्रियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के सम्बन्ध में अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित रखा है।

माननीय अधिकरण के आदेश की पालना में समसंख्यक स्थानांतरण/पदस्थापन आदेश दिनांक 14.01.2023 (क्र.सं. अ–05) को श्री करनी सिंह चौहान, प्रोग्रामर की सीमा तक निरस्त किया जाता है। श्री करनी सिंह चौहान, प्रोग्रामर अपने पूर्व पदस्थापित कार्यालय यथा पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, हनुमानगढ़ में यथावत कार्यरत रहेंगे और श्री सनी गर्ग, प्रोग्रामर का स्थानान्तरण/पदस्थापन कार्यालय–पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, हनुमानगढ़ से सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, पंचायत समिति–संगरिया, हनुमानगढ़ किया जाता है।

उपरोक्त आदेश की पालना में श्री सनी गर्ग, प्रोग्रामर अपने नवपदस्थापन कार्यालय में उपस्थिति देवें।

**उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

नोटः–नियमानुसार यात्रा भत्ता/योगकाल देय होगा।

( सुनील छाबड़ा )
**तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव**

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1 निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव / आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2 संबंधित विभागाध्यक्ष /कार्यालयाध्यक्ष.............................. ।
3 निजी सचिव, संयुक्त सचिव (अ.अ.), मुख्यमंत्री कार्यालय, शासन सचिवालय, जयपुर।
4 कार्यालयाध्यक्ष/ प्रभारी अधिकारी संस्थापन, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
5 प्रभारी अधिकारी विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) एवं प्रभारी अधिकारी संस्थापन (राजपत्रित)/लीगल सैल, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
6 प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7 संबंधित राजसेवकों को प्रेषित कर लेख है कि तुरन्त प्रभाव से नव पदस्थापन विभाग में कार्यग्रहण कर इस विभाग को सूचित करें साथ ही कार्यग्रहण रिपोर्ट oic.estt@rajasthan.gov.in पर ई–मेल करें।
8 निजी/रक्षित पत्रावली।

7/7/23
**प्रशासनिक अधिकारी**